आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 143 ● कटनी ● शनिवार, 25 जून, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-12 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत
डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81



## बूथ में प्याऊ की दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**भोपाल, यश भारत।** सतना के मझगवां जनपद के मतदान केंद्र किटहा में प्याऊ की दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। राजा कुशवाहा प्याऊ के पास बैठा हुआ था, तभी उसकी दीवार गिर गई।

**एस आई ने दिव्यांग मतदाता को धक्का देकर भगाया**

दमोह के पथरिया जनपद की ग्राम पंचायत केवलारी में स्ब्ढ इंद्राज चौधरी ने दिव्यांग मतदाता को धक्का देकर पोलिंग बूथ से भगा दिया। इससे लोग भड़क गए।







### बूथों पर लगीं मतदाताओं की लंबी -लंबी कतारें

# गांव की सरकार चुनने खासा उत्साह

## मप्र पंचायत चुनाव के पहले चरण में 115 जनपदों की कुल 8,702 ग्राम पंचायतों में वोटिंग

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत के प्रथम चरण के लिए मतदान शनिवार सुबह 7 बजे से प्रारंभ हो गया। प्रदेश में प्रथम चरण में 52 जिलों के 115 विकासखण्ड की 8702 ग्राम पंचायतों के 26 हजार 902 मतदान केन्द्रों में मतदान हो रहा है। जो दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसके बाद काउंटिंग शुरू हो जाएगी। हालांकि, परिणामों की घोषणा 14 जुलाई को होगी। पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य चुने जाएंगे। इस तरह हर एक मतदाता को 4 वोट डालने पड़ रहे हैं। 4 प्रत्याशियों के लिए मतदान करने के कारण मतदाता को काफी समय लग रहा है इस कारण से मतदान की गति भी काफी धीमी चल रही है । पहले चरण में भोपाल, इंदौर समेत कई जिलों में चुनाव निपट जाएंगे। समाचार लिखे जाने तक कहीं 40 तो कहीं 50 प्रतिशत वोट पड़ चुके थे। गांव की सरकार चुनने के लिए ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। महिलाओं में भी मतदान के लिए सुबह से ही लाइन में लग गई थी। सात साल बाद हो रहे इस चुनाव में लोग अपने गांव की सरकार चुनने को लेकर खासे उत्सुक नजर आ रहे हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर महिला व पुरुष मतदाता अलग-अलग कतारों में लगकर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

### भिंड में पोलिंग बूथों पर हुए पथराव

भिंड जिले में पंचायत चुनाव में तनावपूर्ण स्थिति है। मिहोना क्षेत्र समेत दर्जनभर पोलिंग बूथ पर असामाजिक तत्वों ने पथराव किया है। भिंड मिहोना की असनेहट पंचायत के पोलिंग बूथ क्रमांक 148-149 पर पुलिस टीम पर उपद्रवियों ने पथराव किया है। पथराव में एसआई अमित सिकरवार घायल हो गए उनके सिर में चोट लगी है। फर्जी वोट डालने को लेकर विवाद शुरू हुआ था । पंचायत में पिछड़ा वर्ग की सीट थी। इस दौरान वोटिंग को लेकर दो सरपंच पद के उम्मीदवारों के समर्थक आपस में भिड़ गए और पथराव शुरू कर दिया। एसआई अमित सिकरवार घायल हो गए।

### लहार की लपवाह पंचायत में फायरिंग

इसी तरह ग्वालियर के लहार की लपवाह पंचायत के बूथ क्रमांक 27, 28, 29 और 30 पर सुबह 10 बजे प्रत्याशियों के समर्थकों में जमकर मारपीट हुई। इसके बाद हवाई फायर भी हुए। मतदान केंद्र पर भगदड़ जैसा माहौल बन गया। पुलिस ने इन हालातों पर काबू पाया।

### छिंदवाड़ा में पंच प्रत्याशी का बेलेट पेपर में चुनाव चिह्न बदला

छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा जनपद के पौनार में पंच प्रत्याशी संतोष ठाकुर का बेलेट पेपर में चुनाव चिह्न बदल गया। चुनाव आयोग से चुनाव चिह्न हल आवंटित हुआ था। बेलेट पेपर पर बाल्टी छप गया। इसकी शिकायत एडीएम से की गई है।

जबलपुर जिले की जिन चार जनपद पंचायतों में शनिवार को सुबह सात बजे से मतदान हो रहा है। ये जनपद पंचायतें जबलपुर-बरगी, सिहोरा, पनागर और कुंडम हैं। जिला पंचायत भोपाल की ग्राम पंचायतों में चुनाव हो रहा है। तीन लाख 25 हजार 106 मतदाताओं द्वारा मतपत्र से मतदान किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला-जनपद सदस्यों, सरपंच और पंच का भविष्य मतपेटियों में कैद हो जाएगा।

### मुरैना में सरपंच प्रत्याशी के पति ने पिया कीटनाशक

मुरैना के अंबाह जनपद की रूपहटी ग्राम पंचायत का मामला है। महिला सरपंच प्रत्याशी गुड्डी जाटव के पति उत्तम सिंह जाटव कीटनाशक पीकर खुदकुशी कर ली। बताया जाता है कि पंचायत के अन्य दबंग प्रत्याशियों के पतियों ने पत्नी की दावेदारी को खत्म करने और चुनाव में बैठने के लिए उस पर दवाब बनाया था।

---

### रणजी ट्रॉफी का फाइनल

## रजत पाटीदार ने जड़ा शतक, मध्य प्रदेश बड़े स्कोर की ओर अग्रसर



**नई दिल्ली,एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला मध्य प्रदेश और मुंबई के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में जारी है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक मध्य प्रदेश ने मुंबई के 374 रनों के सामने तीन विकेट के नुकसान पर 368 रन बना लिए हैं। यश दुबे और शुभम शर्मा के शतकों के दम पर एमपी ने मैच पर अपना शिकंजा कस लिया है। चौथे दिन मध्य प्रदेश की नजरें मुंबई पर बढ़त हासिल कर जीत की तरफ कदम बढ़ाने पर होगी। बता दें, नियमों के अनुसार मुकाबला ड्रॉ रहने पर पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाली टीम को विजेता घोषित कर दिया जाता है। ऐसे में मध्य प्रदेश के खिताब जीतने के चांस ज्यादा है। ( **देखें खेल पेज भी** )

## शिवसेना के पूर्व मंत्री पर कार्रवाई, ED ने 78 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में जारी सियासी संकट के बीच जालना में शिवसेना नेता और पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर की 78 करोड़ की प्रॉपर्टी को श्वष्ठ ने जब्त किया है। इसमें 200 एकड़ जमीन, एक कारखाना और कुछ फ्लैट शामिल हैं। खोतकर उद्धव गुट के नेता माने जाते हैं। यह कार्रवाई देर रात की गई।

## 26/11 मुंबई हमले का मास्टर माइंड साजिद मीर जिंदा

**इस्लामाबाद,एजेंसी, ।** पाकिस्तान ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के सूत्रधार साजिद मीर को हिरासत में लिया है। इससे पहले कुख्यात पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने एफबीआई की ओर से मोस्ट वांटेड घोषित साजिद की मौत होने का दावा किया था। विशेषज्ञों के मुताबिक एफएटीएफ की ग्रे सूची से निकलने के लिए पाकिस्तान ने मीर को सजा दिलाने का नाटक किया है।निक्केई एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, एफबीआई के एक अधिकारी ने बताया है कि मीर पाकिस्तान में जिंदा है, हिरासत में है और उसे सजा सुनाई गई है। मीर को मोस्ट वांटेड सूची में शामिल करते हुए एफबीआई ने 2011 में उस पर 50 लाख डॉलर का इनाम रखा था। अमेरिका और भारत दोनों ही एक दशक से उसे खोज रहे हैं। लश्कर सरगना हाफिज सईद के करीब साजिद को मुंबई हमले की योजना बनाने वाले डेविड कोलमैन हेडली और अन्य आतंकवादियों का हैंडलर माना जाता है।




## शिवसैनिकों का हंगामा, कई हिस्सों में मचाई तोड़फोड़

**नई दिल्ली,एजेंसी।** महाराष्ट्र में सियासी घमासान जारी है। अब तक हाई प्रोफाइल ड्रामा हुआ, लेकिन तस्वीर साफ नहीं है कि आगे क्या होगा? सभी की नजर महाराष्ट्र विधानसभा के डिप्टी स्पीकर पर है। डिप्टी स्पीकर कोई कदम उठाते हैं तो ही एक्शन आगे बढ़ेगा? तभी राज्यपाल और सुप्रीम कोर्ट तक मामला पहुंचेगा? इस बीच, मुंबई से लेकर दिल्ली और गुवाहाटी तक बैठकों का दौर जारी है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना में बगावत कर चुका बागी विधायकों का समूह गुवाहाटी स्थित होटल में ठहरा हुआ है। वहीं, मुंबई में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी आज सेना भवन में अहम बैठक बुलाई है। वहीं, एकनाथ शिंदे और दो निर्दलीय विधायकों ने महाराष्ट्र विधानसभा के डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिरवाल पर उद्धव कैंप का पक्ष लेने के आरोप लगाए गए हैं और उन्हें हटाए जाने की मांग उठी है।

**अब राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आज अहम फैसला, क्या उद्धव ठाकरे देंगे इस्तीफा**

महाराष्ट्र में शिवसैनिकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया है। खबर है कि एकनाथ शिंदे के समर्थक विधायक 58 वर्षीय तानाजी शिंदे के कार्यालय में तोड़फोड़ की जा रही है। साथ ही उनके कारोबार को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई है। हाल ही में शिवसेना सांसद संजय राउत ने धमकी दी थी कि शिवसैनिक भड़क गए तो आग लग जाएगी।


**संजय राउत के तीखे बोल**

शिवसेना सांसद संजय राउत ने अब बागी विधायक एकनाथ शिंदे को खुलकर धमकी दे दी है। उन्होंने कहा, च्आप एक विधायक हैं इसलिए आपको सुरक्षा मिली है। आपके परिवार के सदस्यों को वैसी ही सुरक्षा मुहैया नहीं कराई जा सकती।

### गुजरात दंगों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बोले अमित शाह

## जिन लोगों ने आरोप लगाए वे पीएम से माफी मांगें

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को न्यूज एजेंसी एएनआई को इंटरव्यू में 2002 के गुजरात दंगे पर कई बड़े खुलासे किए। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर संतोष जताया। शाह ने इस पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पीएम मोदी पर लगे सभी आरोपों को खारिज कर दिया। पीएम मोदी पर गलत आरोप लगाए गए थे। ऐसा करने वालों को अब माफी मांगनी चाहिए। क्योंकि मोदीजी ने हमेशा ही कानून का साथ दिया। अमित शाह ने बताया कि 18-19 साल की लड़ाई, देश का इतना बड़ा नेता एक शब्द बोले बगैर सभी दुखों को भगवान शंकर के विषपान की तरह गले में उतारकर सहन कर लड़ता रहा। आज जब अंत में सत्य सोने की तरह चमकता हुआ आ रहा है, तो अब आनंद आ रहा है। मैंने मोदी जी को नजदीक से इस दर्द को झेलते हुए देखा है क्योंकि न्यायिक प्रक्रिया चल रही थी तो सब कुछ सत्य होने के बावजूद भी हम कुछ नहीं बोलेंगे.. बहुत मजबूत मन का आदमी ही ये स्टैंड ले सकता है। शाह ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने सभी आरोपों को खारिज किया है। आप कह सकतें हैं कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने ये सिद्ध कर दिया है कि सभी आरोप राजनीतिक रूप से प्रेरित थे। मोदी जी से भी पूछताछ हुई थी लेकिन तब किसी ने धरना-प्रदर्शन नहीं किया था और हमने कानून को सहयोग दिया और मेरी भी गिरफ्तारी हुई थी लेकिन कोई भी धरना-प्रदर्शन नहीं हुआ था। जिन लोगों ने मोदी जी पर आरोप लगाए थे अगर उनकी अंतरात्मा है ।



## राज सरकार की मांग पर प्रदेश में IPS के 14 पद और बढ़े

भोपाल,यशभारत। मध्यप्रदेश में भारतीय पुलिस सेवा का नया स्वरूप नजर आएगा। ढ्ढक्क्र कैडर रिव्यू होने के बाद प्रदेश में 14 आईपीएस असफर बढ़ गए हैं। आईपीएस कैडर के 222 पद मंजूर हैं, यह पद सीधी भर्ती से भरे जाने वाले हैं। इसी तरह 97 वो पद शामिल हैं, जो आईपीएस रिक्रूटमेंट रेगुलेशन के तहत प्रमोशन से भरे जाने वाले हैं। सीनियर ड्यूटी पोस्ट 173 हैं। सेंट्रल डेपुटेशन में 69, स्टेट डेपुटेशन में 43 पद हैं। ट्रेनिंग के लिए 6 पद रिजर्व हैं। लीव रिजर्व और जूनियर पोस्ट रिजर्व कैटेगरी में 28 हैं। कुल ऑथराइज्ड पोस्ट 319 हो गए हैं। इससे पहले इन पदों की संख्या 305 थी। कैडर रिव्यू का प्रस्ताव मप्र सरकार के गृहविभाग ने केंद्र सरकार को भेजा था।

## अमरनाथ यात्रा 30 जून से 10 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचेंगे

**श्रीनगर, एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा 30 जून से शुरू हो रही है जो 11 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। 13 साल से कम और 75 वर्ष से अधिक और 6 हफ्ते से ज्यादा की प्रेग्नेंट महिला को यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। एक अनुमान के मुताबिक, इस बार की अमरनाथ यात्रा में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं श्राइन बोर्ड ने पहलगाम और बालटाल दोनों यात्रा मार्गों पर प्रतिदिन 10 हजार श्रद्धालुओं की संख्या तय करने पर सहमति दी है, इनमें हेलिकॉप्टर से यात्रा करने वालों की संख्या शामिल नहीं होगी। इस बार फ्री बैट्री व्हीकल सुविधा का विस्तार बालटाल से डोमेल के 2 किलोमीटर लंबे यात्रा मार्ग पर करने का फैसला किया गया है।अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए सुरक्षाबलों की 250 कंपनियों के करीब 1 लाख जवानों को तैनात करने की योजना है। इसमें ष्टक्रक्कस्न के जवान प्रमुख होंगे। अमरनाथ यात्रा के दौरान लंगरों में फ्राइड फूड, जंक फूड, स्वीट डिश, चिप्स, समोसे जैसी चीजें नहीं मिलेंगी। ऐसी दर्जनों चीजें बैन कर दी गई हैं। श्राइन बोर्ड ने सभी लंगर कमेटियों को पत्र लिखा है कि यात्रियों को हरी सब्जियां, सलाद, मक्के की रोटी, सादी दाल, लो फैट दूध और दही जैसी पौष्टिक चीजें ही दी जाएं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय पर लिए गए इस फैसले में बताया गया है कि हेल्दी फूड यात्रियों की सेहत ठीक रखेगा।



### असम, मेघालय में बाढ़ का तांडव

## खाने को तरसे लोग तो बिलख रहे दुधमुहे, नर्क बनी जिंदगी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पूर्वोत्तर इलाकों असम और मेघालय में बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। सबसे बुरे हालात असम के हैं। यहां बाढ़ के कारण शुक्रवार को 10 और लोगों की मौत हो गई जबकि कछार जिले में सिलचर शहर लगातार पांचवें दिन जलमग्न रहा। बाढ़ से शुक्रवार को 30 जिलों में 45 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं।लगभग तीन लाख लोगों को भोजन, स्वच्छ पेयजल और दवाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि लगभग पूरा सिलचर शहर बाढ़ के पानी में डूबा हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक, कुछ क्षेत्रों में बाढ़ का पानी घटने लगा है लेकिन ब्रह्मपुत्र में धुब्री और नागांव में



कोपिली खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ और भूस्खलनों के कारण मरने वाले लोगों की संख्या 118 पर पहुंच गई है। बारपेटा, धुब्री, करीमगंज और उदलगुड़ी जिलों में दो-दो लोगों और कछार तथा मोरीगांव में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।असम की बराक घाटी का प्रवेश द्वार माने जाने वाले सिलचर के अधिकतर इलाके जलमग्न हैं। गंभीर रूप से प्रभावित जिलों और विशेष रूप से कछार जिले, जहां सिलचर स्थित है, में अतिरिक्त संसाधनों के साथ बचाव और राहत कार्यों में तेजी लाई गई है। घाटी के तीन जिले - कछार, हैलाकांडी और करीमगंज - बराक और कुशियारा नदी के बढ़ते जलस्तर से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के कारण सबसे अधिक प्रभावित जिला बारपेटा है जहां 10,32,561 लोगों पर इसका प्रभाव पड़ा हैं, इसके बाद कामरूप जिले में 4,29,166 लोग प्रभावित हुए हैं।

## वायनाड में राहुल गांधी के ऑफिस पर हमला

### दफ्तर में घुसकर भीड़ ने की तोड़फोड़

**वायनाड ,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के केरल के वायनाड दफ्तर में शुक्रवार दोपहर कुछ लोगों ने तोड़फोड़ कर दी। कांग्रेस ने घटना के पीछे स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का हाथ होने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि SFI के गुंडों ने पार्टी कार्यालय में मौजूद स्टाफ से मारपीट भी की। कांग्रेस सांसद के दफ्तर में तोड़फोड़ का वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिखाई दे रहा है कि शुक्रवार दोपहर को वायनाड में कुछ लोग कांग्रेस सांसद के दफ्तर की खिड़कियों पर चढ़ गए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। हाथों में SFI के झंडे लिए कुछ लोग दफ्तर के अंदर तक पहुंच गए। वहां इन लोगों ने नारेबाजी की और सामान भी तोड़ दिया।

**कांग्रेस का आरोप- SFI के हमलावरों ने स्टाफ को भी पीटा**

कांग्रेस ने कहा- हमले के लिए केरल के सीएम जिम्मेदार

कांग्रेस ने राहुल गांधी के दफ्तर पर हमले के लिए केरल के मुख्यमंत्री को जिम्मेदार बताया है। युवक कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने आरोप लगाया कि केरल में अराजकता फैल गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर केरल के मुख्यमंत्री इस तरह के उपद्रवियों को संरक्षण क्यों दे रहे हैं।

# जोर पकड़ रहा चुनाव प्रचार, अब शहर में प्रत्याशियों का फोकस

## भाजपा ने शहरी वार्ड रघुनाथ गंज से शुरू किया प्रचार, ईश्वरीपुरा वार्ड में घर-घर दस्तक



**कटनी,यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी तथा वार्डों के प्रत्याशियों का वृहद जनसम्पर्क कल से प्रारम्भ हुआ। जनता से वोट रूपी आशीर्वाद की अपेक्षा के साथ श्रीमती दीक्षित वरिष्ठ भाजपा नेताओं जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, विधायक संदीप जायसवाल, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, चुनाव संचालक प्रवीण बजाज, जनसम्पर्क प्रभारी रवि खरे, ललित जायसवाल, सुनील उपाध्याय, मृदुल द्विवेदी, आशीष गुप्ता, रघुनाथ गंज के प्रत्याशी शैलेन्द्र जैन कंजे सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शहर के सर्वाधिक व्यस्त क्षेत्र गर्ग चौराहे से सिल्वर टाकीज रोड होते हुए रघुनाथ गंज वार्ड घन्टाघर होते हुए सम्पूर्ण वार्ड में घर-घर पहुंच कर जनता से आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए श्रीमती दीक्षित ने कहा कि नगर की समस्याओं से वह परिचित हैं इसके साथ शहर विकास के लिए जो भी कार्य जरुरी हैं वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को देने के लिए हर वक्त सक्रिय रहेंगी। उन्होंने कहा कि कटनी नगर में बीते एक दशक में जो भी विकास के कार्य हुए वे सभी भारतीय जनता पार्टी की सरकार तथा नगर में भाजपा की नगर सरकार के द्वारा किये गए। जनता वार्डों में भाजपा के पार्षद तथा शहर में आपकी बेटी को आशीर्वाद प्रदान करेगी तो शहर का के और अधिक विकास में मदद मिलेगी। सरकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक आसानी से पहुंचेगा। भारतीय जनता पार्टी के जनसंपर्क में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। जनता के मिल रहे स्नेह से पार्टी विजय संकल्प को साकार करेगी। जनसंपर्क के दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं श्रीमती सीमा जैन, मयंक गुप्ता, अंकिता तिवारी, मृदुल मिश्रा, आशीष कंदेले, ऋचा गेलानी, मनोरमा पाठक, पार्वती निषाद, सर्जना कंदेले, नीलिमा असोढिया, हीरामणि बरसैया, मधु अग्रवाल, कैलाश जैन सोगानी, शैलेश तिवारी, सचिन तिवारी, नान गट्टानी, बृजमोहन गट्टानी, संजय कनकने, मयंक गुप्ता, योगेश जैन, अभिषेक शर्मा, अनंत उरमलिया, सुमित जायसवाल, अमित पूरी, सौरभ दुबे, पारस जैन, रौनक दुबे, संकल्प तिवारी, विष्णु शंकर मिश्रा, हर्ष पांडे, अनुराग त्रिपाठी, अभिषेक खरे, विकास पांडे, सुमित मिश्रा, निहाल सोनी, राघवेंद्र खरे, संतराम गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाये जाने पर जताया आभार

जनजातीय समाज को सर्वोच्च गौरव भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जनजाति समाज से आने वालीं योग्य नेतृत्व श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बना कर दिया है। आज भाजपा कार्यालय में इस अवसर पर जिला भाजपा पदाधिकारी वरिष्ठ जनों की धन्यवाद बैठक में जिलाध्यक्ष रामरतन पायल ने व्यक्त किये। श्री पायल ने कहा कि श्रीमती मुर्मू को देश का प्रथम नागरिक बनाने का जो कार्य केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी ने किया वह इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। इसके लिए हमारे प्रधानमंत्री जी तथा पूरी सरकार एवं पार्टी को हम सभी ह्रदय से धन्यवाद देते हैं। इस मौके पर खादीग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष श्री जितेंद्र लिटेरिया जी ने कहा कि यह निर्णय न सिर्फ ऐतिहासिक वरन जनजाति गौरव के रूप में स्वर्णिम है। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज का दूसरे राजनीतिक दलों ने केवल एक वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। प्रधानमंत्री जी के लिए सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने धन्यवाद आभार व्यक्त किया। मंच पर जिला अध्यक्ष श्री रामरतन पायल, खादीग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र लिटेरिया, चुनाव संचालक श्री प्रवीण बजाज, जिला मंत्री सुश्री अंकिता तिवारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष मृदुल मिश्रा उपस्थित थे। धन्यवाद सभा का संचालन जिला उपाध्यक्ष श्री सुनील उपाध्याय ने किया।



### सेक्टर प्रभारियों की बैठक में मंथन

भारतीय जनता पार्टी चुनाव को लेकर एक्टिव मोड में आ गई है। जिला अध्यक्ष रामरतन पायल के साथ उनके निवास पर आज सेक्टर प्रभारियों की लंबी बैठक चुनाव प्रभारी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र लिटेरिया ने ली। इस दौरान चुनाव प्रबंधन तथा अन्य विषयों पर लंबी चर्चा की गई। सभी सेक्टर प्रभारी उपस्थित थे। भाजपा ने 45 वार्डों के लिए 9 सेक्टर में 18 प्रभारी नियुक्त किये है। यह सभी वार्डों में चुनाव प्रबंधन का कार्य देखेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री रामरतन पायल ने बताया कि सेक्टर प्रभारियों को को उनके जिम्मेदारी वाले वार्डों में निरंतर सक्रिय रहते हुए प्रत्याशियों को चुनाव हेतु आवश्यक सहयोग के साथ वार्डों में प्रचार तथा अन्य रणनीति बनाने की जिम्मेदारी होगी।



# कांग्रेस प्रत्याशी की कई वार्डों में दस्तक

### मतदाताओं से मुलाकात, विकास का वादा

**कटनी,यशभारत।** कांग्रेस महापौर प्रत्याशी श्रेहा खण्डेलवाल ने बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद उम्मीदवार वंदना राजकिशोर यादव, विरसा मुंडा वार्ड 2 की कांग्रेस प्रत्याशी नन्ही बाई गोटिया और वरिष्ट कांग्रेस जनों के साथ कुठला थाना के पास विराजे हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन कर अपना जनसम्पर्क प्रारंभ किया। कांग्रेसजनों ने पुरैनी के आजाद नगर, ट्रांसपोर्ट पोर्ट नगर, वार्ड नम्बर 2 में यादव मोहल्ला, बजरंग कालोनी, भाटिया मुहल्ला, निराधाम कालोनी, एफसी आई रोड, बंगला टोला में डोर टू डोर जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी श्रेहा खण्डेलवाल ने कहा कि वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित्त है। वार्डों में सड़क, नाली और पेयजल की जो गंभीर समस्या है, उससे हम निजात दिलाएंगे। इस अवसर पर वंदना राजकिशोर यादव, नन्ही बाई गोटिया, कार्यवाहक अध्यक्ष विक्रम खम्परिया, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अंशु मिश्रा, संजय खरे, आनंद पटेल, गिरधारी लाल सोनी, सौम्या रांधेलिया, श्वेता कटारे, आशिमा गौर, अनुजा दुबे, रिया चक्रवर्ती, शुभम मिश्रा, योगेंद्र सिंह, आकाश पटेल, अंकित सिंघानिया, मणिराम पांडेय, राम बाई सोनी, प्यारी बाई गोटिया, मुन्नी बाई, शान्ति बाई, भगवान दास आदिवासी, रामलाल पाल, कौशिल्या बाई, आदि उपस्थित रहे।

# यज्ञ माता जगदंबा सरस्वती मम्मा का स्मृति दिवस मनाया



**कटनी,यशभारत।** सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में यज्ञ माता जगदंबा सरस्वती मम्मा का स्मृति दिवस मम्मा डे के रूप में मनाया गया। राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के नेतृत्व में मम्मा को भोग अर्पित कर उनके तैलचित्र समक्ष श्रद्धासुमन निवेदित किया गया। बीके लक्ष्मी बहन ने मम्मा के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने ज्ञान वीणा द्वारा जन-जन को प्रभु परिचय देकर उनमें आध्यात्मिक जागृति लाई उन्होंने आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन किया और सहज राजयोग द्वारा अनेक मनुष्यात्माओ की ज्योति जगाई। मम्मा का मन सदा प्रभु चिंतन में रमा रहता था सदा एकांत में रहते हुए परमात्मा को मन मे रमाकर बाबा का अनुसरण करने वाली मम्मा दिव्य आलौकिक पथ पर अग्रसर रही मम्मा ने कभी किसी को मौखिक शिक्षा नहीं दी बल्कि अपने प्रैक्टिकल जीवन से प्रेरणा दी । इस अवसर साक्षी बजाज, पूनम अग्रवाल, सरिता चौबे, जबलपुर युक्ता चौबे, मालती माता, ममता बहन, चाका सबिता बहन झिंझरी सुनीता यादव, संजीव सूरी प्रीति सूरी, एमपीआरडीए जीएम आर के दवे, रानी शर्मा लक्ष्मी जयसवाल, आरती श्रीवास्तव का तिलक और शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दुर्गा बहन सबिता बहन ज्योति नेहा बरखा बेबी चमन अनीता बहन गुणमाला किरण संध्या शानू नीतू सुरेश भाई संजय भाई रमेश भाई आदि का सहयोग रहा। अंत मे सभी को भोग वितरित किया गया।

## लग्जरी कार से भारी मात्रा में गांजा बरामद

### महिला ने हाइवे में पीछा करते हुए पकड़वाया

**कटनी, यशभारत।** जबलपुर-कटनी राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक महिला ने जबलपुर से कटनी तक गांजा तस्करों का पीछा किया। इस दौरान उसने जबलपुर व कटनी पुलिस कंट्रोल रूम को भी फोन लगाया। महिला के साहस के कारण ही कटनी पुलिस ने लग्जरी कार से गांजा की तस्करी कर रहे आरोपियों को जबलपुर-रीवा बायपास में धर दबोचा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लग्जरी कार में कुछ युवक गांजा लेकर कटनी आ रहे थे। इसी दौरान जबलपुर की एक महिला ने आल्टो कार से उनका पीछा किया और जबलपुर व कटनी पुलिस को भी सूचना दी। जिसके बाद माधवनगर पुलिस जबलपुर-रीवा बायपास मार्ग पर सक्रिय हुई और घेराबंदी करते हुए गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिसिया लिखापढ़ी के कारण अभी यह पता नहीं चल सका है कि कार से कितना गांजा बरामद हुआ है और मामले में कितने लोग

# अग्निवीर योजना का समर्थन




**कटनी,यशभारत।** अग्नीपथ योजना के समर्थन में आज युवाओं ने सुभाष चौक में भारत माता की आरती की एवं कहा कि इस योजना से राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा युवा राष्ट्रभक्त बनेंगे जो देश की प्रगति में अपना अहम योगदान निभाएंगे। जय योजना हमारे देश की सेना ने अपने देश की सेना को मजबूत बनाने के लिए लिया है जिसमें जल थल और वायु सेना के प्रमुख द्वारा योजना का क्रियान्वयन किया गया ह, एवं उसे लागू किया है। जो इसका विरोध करते हैं यह उनकी सोच हो सकती है, किंतु अगर आप राष्ट्रभक्त हैं विरोध दर्ज कराने का जो तरीका है वह पूर्णत: गलत है जिसमें आप देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं देश की सुरक्षा व्यवस्था में लगे हमारे पुलिसकर्मी को आप घायल करते हैं लोगों को रास्ते में पकड़ते हैं मारते हैं, दुकानें लूटते हैं डर और दहशत का माहौल बनाते यह देश प्रेम की भावना नहीं ह। जिसकी हम घोर निंदा करते हैं यह एक अमानवीय कृत्य के रूप में जाना जाता है जो आतंकवादियों की सोच से मेल खाता है देश में अराजकता का माहौल बने इसलिए कुछ लोगों ने मिलकर यह माहौल देश में बनाया है जिसका हम सबको विरोध करना चाहिए। अग्नीपथ समर्थन के कार्यक्रम में शामिल हमारे सभी युवा साथियों ने भारत माता की आरती की।

# हादसे के डर के बीच चल रहा शैक्षणिक कार्य




**कटनी,यशभारत।** जिले का शैक्षणिक स्तर सुधरे, इसके लिए उत्कृष्ट विद्यालय, अंग्रेजी माध्यम स्कूल, मॉडल स्कूल खुले, इब सीएम राइज स्कूल खोलने की योजना पर काम हो रहा है, लेकिन जो स्कूल संचालित हो रहे हैं उनकी दुर्दशा को ठीक करने जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे। ग्रामीण इलाके का तो छोडिये बीच शहर नौनिहालों की पाठशाला में समस्याओं का अंबार है। हम बात कर रहे हैं बरगवां स्थित आदर्श प्राथमिक शाला की। यहां पर छोटे-छोटे बच्चे पढने आते हैं। स्कूल खुलने से पहले व्यवस्थाएं शिक्षा विभाग को चाक-चौबंद करानी थीं, लेकिन नहीं कराईं गईं। हालात यह हैं कि बारिश होते ही कक्षाओं के अंदर पानी टपकता है। शिक्षिकाओं ने कहा कि तीन दिन तक टेबल की खिसकाते रहे हैं। गंभीर हादसे को आमंत्रण दे रही स्कूल बिल्डिंग को ठीक कराने जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। आदर्श प्राथमिक शाला भवन की बिल्डिंग इतनी जर्जर हो चुकी है कि कभी भी हादसा हो सकता है। स्कूल में लगी एलबेस्टर सीटें टूटी हुई हैं। उसके टुकड़े भी कई बार गिरते हैं। सीट की नीचे लगी लकडियों भी लटक रही हैं, जो कभी भी बच्चों के ऊपर गिर सकती हैं। फर्स भी चीप का बना हुआ, पूरे परिसर में झाड़-झंकाड़ी उगी हुई हैं, इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे।

# बारिश में सूखे पड़े हैंडपंप, पानी की समस्या जस की तस



**कटनी,यशभारत।** हर तरफ जहां इस शुरूआती बारिश के दिनों में नाले-नालियों कचरा जमा होने के कारण जाम पड़ी हैं जिससे गली-मोहल्लों में जरा सी बारिश में ही तालाब जैसे हालात बन रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर रीठी जनपद पंचायत मुख्यालय में लगे दर्जनों हैंडपंप बारिश होने के बाद भी सूखे पड़े हैं। हैंडपंप पानी की जगह आज भी हवा उलग रहे हैं। बावजूद इसके पीएचई विभाग इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझ रहा है। वहीं क्षेत्र में बारिश के दिनों में भी बूंद-बूंद पानी के त्राही-त्राही मची हुई है। रहवासी पेयजल की व्यवस्था बनाने के लिए यहां-वहां भटकते नजर आ रहे हैं। लोगों ने बताया कि मुख्यालय में लगे दर्जनों हैंडपंप पीएचई विभाग की लापरवाही के चलते बिगड़े पड़े हैं, जिन्हें बनाने की सुध तक विभाग के ठेकेदार द्वारा नहीं ली जा रही है। देखा गया कि शुरुआती बारिश के बाद से जो ट्रैक्टर टेंकर लेकर घर-घर दो-तीन रूपए में एक डिब्बा पानी दे जाते थे वो भी खेती में जुट गए हैं, जिससे रीठी मुख्यालय में पेयजल संकट और गहरा गया है। ट्रैक्टर खेतों की जुताई करने जाने लगे हैं, जिसके चलते टेंकरों से भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। बताया गया कि बिगड़े पड़े हैंडपंपों में पाइपों की कमी है जिसे बनाने में विभाग के ठेकेदार द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 8 शो ता. 24 से
12,1, 3, 4, 6,7,9 एवं रात्रि 10 बजे से




जुग जुग जियो
कलाकार- वरूण धवन, कियारा आडवानी, अनिल कपूर, नीतू कपूर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

# वैश्य महासम्मेलन ने मनाया सेवा दिवस



**कटनी, यशभारत।** गत 24 जून को वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व गृहमंत्री मण् प्र शासन उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। युवा जिला अध्यक्ष रजत जैन ने बताया की इस उपलक्ष्य में शासकीय चिकित्सालय कटनी में फ्ल एवं नाश्ते के पैकेट का वितरण जिला युवा इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर कनकने, प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी सुरेश सोनी, साहित्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रामदयाल गुप्ताए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला प्रभारी बालमुकुंद गुप्ता, सागर महिला संभाग प्रभारी सीमा जैन, युवा संभाग प्रभारी आशीष जैन, जिला इकाई से जिलाध्यक्ष मनीष त्रिसोल्या, रमेश गुप्ता, मोहित बहरे, विनय कंदेले, अग्रज लहरिया, नगर प्रभारी कुलभूषण पुरवार, अमित सराओगी, महिला जिलाध्यक्ष जयंती खंताल, महिला नगर प्रभारी नीतू गुप्ता, मीना सुहाने, आकांक्षा सराओगी, सारिका गुप्ता, प्राची जैन, युवा प्रभारी बृजेश गट्टानी, युवा इकाई से जिलाध्यक्ष रजत जैन, उपाध्यक्ष अंकित जैन, संचित जैन, महामंत्री हितेश बिलैया, मंत्री गौरव गुप्ता, संजोग गुप्ता, पुष्कर जैन, मेहुल मित्तल, संगठन मंत्री, सुधांशु जैन, कोषाध्यक्ष अंकुर जैन, मीडिया प्रभारी अनुज जायसवाल, सह मीडिया प्रभारी नीरज सेठिया, नगर अध्यक्ष अंशुल बहरे, कार्यकारिणी सदस्य आशीष खेमका, पंकज बजाज, रोमिल अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, उमंग बजाज, राहुल गुप्ता, रवि गुप्ता, प्रशांत बहरे, श्रीयांश बरसैया, ह्रदेश एवं अन्य की उपस्थिति

# केबल टेलीविजन पर विज्ञापन सम्बंधी दिशा निर्देश जारी

**कटनी, यशभारत।** नगरीय निर्वाचन के दौरान उम्मीदवारों तथा उनके समर्थकों द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रानिक मीडिया, एफएम रेडियो पर जारी किये जाने वाले विज्ञापनों तथा पेड न्यूज पर सतत निगरानी रखी जायेगी। इसके लिये जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं प्री-सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किया गया है। उम्मीदवारों तथा उनके समर्थकों से आग्रह किया गया है कि प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी तरह के विज्ञापन जारी करने के पहले अनुमति जरूर प्राप्त करें। बगैर अनुमति के विज्ञापन-प्रकाशन पर कार्रवाई का प्रावधान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया है। आयोग ने यह निर्देश दिये है कि उम्मीदवारों तथा समर्थकों आदि द्वारा प्रकाशित विज्ञापनों का खर्च प्रत्याशी के खर्च में जोड़ा जायेगा। ज्ञात रहे है कि इस बार के नगरीय निर्वाचन में महापौर तथा पार्षद पदों के अभ्यर्थियों के लिये अधिकतम व्यय सीमा निर्धारित की गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा केबल टेलीविजन नेटवर्क के जरिये जारी किये जाने वाले विज्ञापनों के प्रसारण के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निर्देशानुसार केबल टेलीविजन नेटवर्क अधिनियम 1995 तथा इसके उपबंधों के अनुसार निर्धारित विज्ञापन संहिता के अनुरूप न पाये जाने वाले विज्ञापनों का प्रसारण केबल सेवा के माध्यम से नहीं किया जा सकता। इसका उल्लंघन पाया जाता है तो प्राधिकृत अधिकारी द्वारा केबल ऑपरेटर के उपकरण को जप्त किया जा सकता है। राजनैतिक विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों द्वारा अधिप्रमाणित राजनैतिक विज्ञापनों का प्रसारण ही केबल नेटवर्क के माध्यम से किया जा सकता है। केबल ऑपरेटर्स द्वारा संचालित लोकल न्यूज चैनल्स पर पेड न्यूज की निगरानी रखने के निर्देश भी दिये गये हैं। साथ ही कहा गया है कि प्रिंट तथा एफएम रेडियो पर भी पूर्व अनुमति प्राप्त कर विज्ञापन तथा राजनैतिक अन्य विज्ञापन प्रकाशित किये जाये।

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# पंचायत चुनाव के महायज्ञ में वोटरों की उत्साहजनक भागीदारी

## विजयराघवगढ़ की पंचायतों में 1 बजे तक 50 फीसदी मतदान





**बरही, यशभारत।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत प्रथम चरण का मतदान आज सुबह 7रू00 बजे से प्रारंभ हुआ।मतदाताओं में सुबह से ही खासा उत्साह देखने को मिला। मतदान केंद्रों के बाहर महिला पुरुष मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। अपने गांव की सरकार बनाने के लिए मतदाता पूरे उम्मीदवार उत्साह के साथ मतदान केंद्र पहुंचे हुए थे। बिजराघवगढ़ जनपद के सेक्टर क्रमांक 17 ग्राम पंचायत ओबरा कोनिया सहित जारा रोड़ा गैर तलाई में दोपहर 1रू00 बजे तक 50 फ़ीसदी से अधिक मतदान हो चुका था। इसके बाद भी मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें थी आपको बता दें कि अपनी गांव की सरकार चुनने के लिए जहां स्वस्थ मानसिकता से मतदाताओं ने मतदान किया तो वहीं कई कई ऐसे चेहरे भी देखने को मिले जो चल तो नहीं सकते थे लेकिन व्हीलचेयर से पहुंचकर उन्होंने अपना मतदान किया। वही पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं में मतदान को लेकर एक अलग ही उत्साह था। ओबरा सेक्टर के सेक्टर मजिस्ट्रेट पृथ्वी पाल सिंह ने बताया कि दोपहर 1रू00 बजे तक 50 फ़ीसदी मतदान हो चुका था ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि कहीं 85 फ़ीसदी तो कहीं 80 फ़ीसदी मतदान होगा।

### भीषण गर्मी व उमस ने बढ़ाई परेशानी

मतदान के दौरान सुबह से ही रफ्तार तो तेज थी दोपहर 12रू00 बजे के बाद तेज धूप व उमस से हलकान व परेशान मतदाताओं का भी उत्साह कम नहीं हुआ और वह अपने मताधिकार का उपयोग करने लाइन में खड़े रहे। सुरक्षा व कानून व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के मद्देनजर जहां पुलिस अमला मतदान केंद्रों में तैनात रहा तो वही प्रशासनिक अधिकारी सतत निगरानी करते रहे।

# बिलासपुर रेलखंड की चार ट्रेनें 9 जुलाई तक निरस्त



## यात्रियों को होगी परेशानी

**कटनी,यशभारत।** बिलासपुर-कटनी रेलखंड की चार जोड़ी यात्री गाड़ियों को रेलवे ने आज 25 जून से आगामी 9 जुलाई तक रद्द करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय अमलाई सहित अन्य रेलवे स्टेशन में चल रहे एनआई वर्क के कारण लिया गया है। रेलवे के इस निर्णय से लगभग एक पखवाड़ा के लिए रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल ने पश्चिम मध्य रेल से संबंधित चार जोड़ी गाड़ियों को पूर्व में निरस्त किया था, अब ये यात्री गाड़ियों 25 जून से लेकर 9 जुलाई तक की अवधि के लिए भी निरस्त कर दी गई हैं। ये चारों ट्रेनें कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा व कटनी साउथ स्टेशन होकर गुजरती हैं। एक साथ चार ट्रेनों के निरस्त रहने से कटनी-बिलासपुर रेलखंड पर यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### इन ट्रेनों को किया गया रद्द

-कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर प्रतिदिन वाली गाड़ी संख्या 18236/18235 भोपाल-बिलासपुर-भोपाल 25 जून से लेकर 9 जुलाई तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से रहेगी निरस्त।

-कटनी जंक्शन होकर प्रतिदिन चलने वाली गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस 24 जून से लेकर 8 जुलाई तक तथा गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस 25 जून से लेकर 9 जुलाई तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से रहेगी निरस्त।

-कटनी साउथ स्टेशन होकर प्रतिदिन चलने वाली गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस 24 जून से 8 जुलाई तक तथा गाड़ी संख्या 11266 अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस 25 जून से लेकर 9 जुलाई तक प्रारंभिक स्टेशन से रहेगी निरस्त।

-कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर सप्ताह में एक दिन चलने वाली गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस 29 जून व 6 जुलाई को प्रत्येक बुधवार तथा गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस 30 जून व 7 जुलाई को प्रत्येक गुरुवार को 02-02 ट्रिप अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

### इनका कहना है

बिलासपुर लाइन में अमलाई स्टेशन आदि में एनआइ वर्क चल रहा है। कुछ दिनों पहले एक हादसा भी हो गया है। अब एनआइ वर्क के चलते ट्रेनों को निरस्त किया गया है। - वी.के.शर्मा, स्टेशन प्रबंधक।

# रासुका के तहत दो अपराधी केंद्रीय कारागार जबलपुर शिफ्ट

### 36 अपराधियों पर जिलाबदर की कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** पुलिस ने जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से जिलेभर के अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि दो आदतन अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए दोनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने बताया कि दोनों आदतन अपराधियों को सेंट्रल जेल जबलपुर शिफ्ट किया गया है। एसपी ने बताया कि चुनाव तैयारी के चलते अब तक 36 लोगों के खिलाफजिला बदर की कार्यवाही की गई है।

कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि आधारकाप क्षेत्र निवासी 22 वर्षीय केतु उर्फ नीरज पिता दीनदयाल रजक व राममनोहर लोहिया वार्ड आदर्श कालोनी निवासी 28 वर्षीय पंकज पिता प्रमोद जायसवाल के खिलाफर ाष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 (2) के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। 23 जून को वारंट जारी किया गया था, जिसके बाद दोनों को केन्द्रीय जेल जबलपुर भेजा गया है।

# उल्टियां होने से दो किशोरियों की मौत


## विजयराघवगढ़ व कुठला में घटना

**कटनी,यशभारत।** कुठला व विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत लगातार उल्टियां होने के कारण दो किशोरियों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कुठला थाना अंतर्गत कैलवारा फाटक क्षेत्र निवासी 11 वर्षीय रानू पिता गणेश कोल को पेट दर्द व उल्टियां होने की शिकायत के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कछिगवां निवासी 11 वर्षीय अर्चना पिता सुरेश को देररात उल्टी होने लगी। नाना ने उठकर देखा तो वह बार-बार उल्टी कर रही थी। तत्काल परिजनों से उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है जिला अस्पताल में उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। पुलिस ने शव परीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

# दो युवकों ने लगाई फांसी,बहोरीबंद व स्लीमनाबाद में घटना

**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद व स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम सोमाकला निवासी 29 वर्षीय अनार सिंह पिता राधे यादव के द्वारा खेल मैदान के सामने आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। शुक्रवार की सुबह उसकी लाश आम के पेड़ में फंदे के सहारे लटकती हुई बरामद की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम सिहुडी निवासी 18 वर्षीय वीरू सपेरा पिता मान सिंह सपेरा के द्वारा भी फांसी लगाकर जान दे दी गई। दोनों ही घटनाओं में आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

### सड़क पर कीचड़ के बावजूद वोट डालने पहुंचे मतदाता



आज मतदान के दौरान कई तरह की स्थितियां भी देखने को मिली। गांवों की सरकार चुनने भले ही मतदाताओं में उत्साह नजर आया हो लेकिन कई स्थानों पर समस्याओं को लेकर वोटरों की नाराजगी भी सामने आई है। भैंसवाही में सड़क पर कीचड़ होने के बावजूद मतदाता वोट डालने के लिए पहुंचे। मतदाताओं ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि गांव में सरकार आने के बाद न केवल गांव का विकास होगा बल्कि लोगों को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी।

## प्लॉट बिकाऊ हैं

यादव गैस एजेंसी, विवेकानंद वार्ड लखेरा, कटनी में 1925 फीट का प्लॉट कीमत 600/- वर्गफुट डबल रोड एवं पाठक वार्ड सन्यासी बाबा गली, कटनी में 900 फीट कीमत 2000/- वर्गफुट विथ डायवर्सन प्लॉट बिकाऊ हैं।
संपर्क-जूली गुप्ता, मो. 8818908382

## मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता

एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

# महापौर-पार्षद प्रत्याशियों को रोज देना होगा चुनाव खर्च का ब्यौरा

**कटनी, यशभारत।** नगरीय निकायों के महापौर एवं पार्षद अभ्यार्थियों हेतु निर्वाचन व्यय लेखा संधारण और प्रस्तुति निर्देशन प्रस्तुत किये जाने की तिथि से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा तक दिन-प्रतिदिन के व्यय का निरीक्षण कराया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा द्वारा दिये गए निर्देशों के परिपालन में महापौर एवं पार्षद पद के अभ्यर्थियों को स्वयं अथवा निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन व्यय के दिन-प्रतिदिन के व्यय लेखों का ब्यौरा निर्धारित प्रोफार्मा, भाग, अनुसूची राज्य निर्वाचन के निर्देशानुसार कार्यालय कलेक्टर निर्वाचन सदन में उपस्थित होकर व्यय लेखा हेतु चरणबद्ध तरीके से कार्यक्रम निर्धारित करते हुए गठित समिति से निरीक्षण कराने हेतु पत्र जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण में वार्ड क्रमांक 1 से 15 हेतु निरीक्षण 27 जून, वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक 28 जून, वार्ड क्रमांक 31 से 45 तक 29 जून एवं महापौर अभ्यर्थी हेतु प्रथम चरण का निरीक्षण 27 जून को किया जायेगा। द्वितीय चरण में वार्ड क्रमांक 1 से 15 हेतु निरीक्षण 4 जुलाई, वार्ड क्रमांक 16 से 30 हेतु 5 जुलाई, वार्ड क्रमांक 31 से 45 हेतु 6 जुलाई एवं महापौर अभ्यर्थी हेतु द्वितीय चरण का निरीक्षण 4 जुलाई को किया जायेगा। तृतीय चरण में वार्ड क्रमांक 1 से 15 हेतु निरीक्षण 7 जुलाई, वार्ड क्रमांक 16 से 30 हेतु 9 जुलाई, वार्ड क्रमांक 31 से 45 हेतु 11 जुलाई एवं महापौर अभ्यर्थी हेतु तृतीय चरण का निरीक्षण 11 जुलाई को किया जायेगा। चतुर्थ चरण में वार्ड क्रमांक 1 से 11 हेतु निरीक्षण 25 जुलाई, वार्ड क्रमांक 12 से 22 हेतु 26 जुलाई, वार्ड क्रमांक 23 से 33 हेतु 27 जुलाई एवं वार्ड क्रमांक 34 से 45 हेतु 28 जुलाई तथा महापौर अभ्यर्थी हेतु चतुर्थ चरण का निरीक्षण 28 जुलाई को किया जायेगा।

**कलेक्ट्रेट में चुनाव खर्च की जानकारी देने उम्मीदवारों को कलेक्टर के निर्देश**

### 6 एवं 13 जुलाई को मतदान के दिन अवकाश घोषित

**कटनी, यशभारत।** राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल ने आदेश जारी कर प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के दोनों चरणों की तिथियों के दिन सामान्य अवकाश घोषित किया है। पहले चरण का मतदान बुधवार 6 जुलाई को और दूसरे चरण का मतदान बुधवार 13 जुलाई को जिले में होगा। इन तारीखों के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निगोशिएबल इन्स्ट्रमेंट्स एक्ट के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया गया है।

### राजनीतिक दलों के मंच पर तकिया से लेकर नेताजी व समर्थकों का मुंह मीठा कराना पड़ेगा महंगा, चुनाव आयोग ने तय किए हर चीज के दाम

# उम्मीदवारों के खर्च पर प्रशासन की पैनी नजर

**कटनी, यशभारत।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय चुनाव में 10 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरपालिक निगमों में महापौर पद के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 15 लाख रूपये तथा पार्षद पदों के निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 3 लाख 75 हजार रूपये निर्धारित की गई है। इसकी मॉनीटरिंग के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन भी किया की जा रही है। प्रत्याशियों के सोशल मीडिया, प्रिंट इलेक्ट्रानिक सहित अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार के विज्ञापन पर नजर रखी जाएगी तथा राशि के अधिक खर्च करने पर प्रत्याशियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। प्रदेश में पंचायत चुनावों पर खर्च की कोई सीमा निर्धारित नही है लेकिन यदि शहर में मेयर या पार्षद का चुनाव लड़ रहा है तो पाई-पाई का हिसाब देना होगा। यहां तक कि मंच पर तकिये पर भी बैठे तो 10 रूपए देने पड़ेंगे। नेता जी व समर्थकों का मुंह मीठा कराना भी महंगा पड़ेगा। एक किलो बूंदी के लड्डू खिलाने पर के 220 रूपये चुकाने होंगे तो खोवा बर्फी, मिठाईए, रसगुल्ला पानी पाउच के भी खर्च में जुड़ेगें। नगरीय निकाय चुनाव के लिए कटनी जिला प्रशासन ने राजनैतिक दलों के चुनाव प्रचार से लेकर खाने पीने तक की सामग्री की सूची रेट समेत जारी कर दी है। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के दौरान महापौर एवं पार्षद पद से निर्वाचन अभ्यर्थियों को अपना निर्वाचन व्यय लेखा संधारित किये जाने हेतु लाईट, माईक, टेन्ट, शामियाना, फर्नीचर, वाहन, होटलों के कमरों, वीडियोग्राफी, स्वलपाहार, भोजन, पोस्टर, पम्पलेट, फ्लैक्स, होर्डिंग, दीवार लेखन आदि की समस्त करों सहित दरों का निर्धारण किया गया है।

**लड्डू, रसगुल्ला, पानी पाउच के दाम सहित हर चीज के दाम जुड़ेंगे चुनाव खर्च में**

### खाद्य सामग्री के यह है रेट

निर्धारित दर अनुसार खाद्य सामग्री एक प्लेट चावल, 6 पूड़ी, 2 सब्जी, एक दाल, सलाद, पापड़, आचार की चटनी 60 रूपये प्रति थाली तथा पैकिंग सहित 70 रूपये, जनता खाना 5 पूड़ी सब्जी प्रति प्लेट 40 रूपये एवं पैकिंग सहित 50 रूपये, चाय 80 मिली चालू 7 रूपये, स्पेशल 10 रूपये, कॉफी 80 मिली 15 रूपये, समोसा, आलूबंडा, भाजी बड़ा प्रतिनग 80 ग्राम 7 रूपये बनाकर 20 रूपये प्रति प्लेट, नमकीन सादा 200 रूपए, नमकीन मिक्चर 220 रूपए बूंदी लडडू 220 रूपए प्रति किलो, डोसा एवं ढोकला 30 रूपए प्रतिनग, इडली 30 रूपए प्रतिनग, दही बडा 20 रूपए प्रतिनग, भजिया मंगौडी 240 रूपए प्रतिकिलो, खोवा बर्फी 300 रूपए प्रतिकिलो, रसगुल्ला 15 रूपये प्रतिनग एवं दो नग 25 रूपए पोहा जलेबी 20 रूपए प्रति प्लेट, पानी पाउच 1 लीटर 17 रूपए तथा आधा लीटर 9 रूपए पानी पाउच 70 रूपए प्रति बोरी, रसीली सब्जी 35 रूपए हाफप्लेट, चावल फ्राई हाफप्लेट 20 रूपए दाल फ्राई 20 रूपए हाफ प्लेट प्रतिनग निर्धारित की गई है। इसी तरह अन्य सामग्रियों के दर निर्धारित किये गए है।

# जबलपुर में मिली ट्रेन से लापता युवती

**कटनी, यशभारत।** मां की डांट से गायब हुई युवती को चंद घंटों में जीआरपी ने तलाश लिया है। जीआरपी थाना प्रभारी बलराम यादव ने बताया कि मैहर-भदनुपर के बीच से युवती लापता हो गई थी। मां ने किसी बात तो लेकर डांट दिया था। ट्रेन के सतना पहुंचने पर परिजनों ने सतना में सूचना दी। सतना से जांच डायरी आने पर तत्काल पताशाजी शुरू की गई। युवती की लोकेशन जबलपुर में मिली। स्टॉफ मौके पर पहुंचा और युवती को सुपुर्द में लेकर परिजनों को सौंपा है।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

जायसवाल इंटरप्राईजेस
चुनाव प्रचार सामग्री
झंडा ➔ मफलर ➔ टोपी ➔ बिल्ले टी-शर्ट
➔ पेपर लडी ➔ बाईक झंडा ➔ डमी ई.वी.एम.
Mob. 9098263208,7000281913
पता- कचहरी चौराहा,MGM Hospital के पास,कटनी

## किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक,
कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

From 24th June 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL


Tuesday Offer
99/99/200
Paytm
bookmyshow
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

mgm HOSPITAL
जबलपुर के वरिष्ठ त्वचा रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ
डॉ.हितेश लोकवानी

एम.बी.बी.एस.,एम.डी. , डी.वी.एल.,
कंसलटेंट डर्मेटोलॉजिस्ट
त्वचा रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ
LASER TREATMENT FACILITY AVAILABLE
दिनांक 26/06/2022 को सुबह 10 बजे से 03 बजे तक ओपीडी परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे।
आयुष्मान भारत योजना द्वारा ऑपरेशन तथा भर्ती की सुविधा उपलब्ध।
(आयुष्मान योजना में ओपीडी सेवाएं शामिल नहीं है।)
उपलब्ध सुविधाएँ
सी.टी-स्कैन | एम.आर.आई. | सोनोग्राफी | एक्स-रे | पैथोलॉजी | फार्मेसी
पंजीयन हेतु संपर्क करें - HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

# दो कुख्यात अपराधियों के विरूद्ध एनएसए सहित 17 पर की गई जिला बदर की कार्यवाही

## अपराधियों के विरूद्ध जिला प्रशासन का एक्शन



**कटनी , यशभारत।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन तथा स्थानीय निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून और व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा द्वारा जिले के दो कुख्यात अपराधियों को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए केन्द्रीय जेल जबलपुर भेजा गया है। जारी आदेश के मुताबिक जिन दो अपराधियों के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है उनमें नीरज उर्फ केतु निवासी आधारकाप तथा पंकज जायसवाल निवासी आदर्श कॉलोनी, राममनोहर लोहिया वार्ड को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए केन्द्रीय जेल जबलपुर भेजा गया है। इसी प्रकार राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 17 अपराधियों को जिला बदर किया गया है। इनमें थाना कोतवाली व थाना कुठला के तीन-तीन, थाना ढीमरखेड़ा, थाना एनकेजे थाना कैमोर व थाना विजयराघवगढ के दो .दो आदतन अपराधियों और थाना बरहीए थाना स्लीमनाबाद एवं थाना जीआरपी के एक-एक आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गई है। थाना कोतवाली के सूरज चौधरी, रिंकू उर्फराकेश उर्फ जग्गा, शरद बर्मन, थाना कुठला के सोनू उर्फ भक्का उर्फ शिवकुमार, लाला उर्फ बजरंगा, सोनू भुमिया, थाना विजयराघवगढ के राजू उर्फ रामकृष्ण सिंह राठौर, सुनील उर्फकरिया, थाना स्लीमनाबाद के बल्लन उर्फ उमेश दत्त तिवारी, थाना एनकेजे के शुभम उर्फ मान्या तिवारी, शुभम सोनी, थाना कैमोर के अनिल उर्फ नीलू दुबे, अमित चंदपुरिया, थाना ढीमरखेड़ा के मो. खलील उर्फ अकबर एवं सुरेश राय, थाना बरही के अनेज उर्फ अनुज पटेल, थाना जीआरपी से राजू उर्फ रंजीत पर राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर की कार्यवाही की गई है।

### 1707 अपराधियों के खिलाफ धारा 110 एवं 6396 प्रकरणों में धारा 107 व 116 के तहत हुई कार्यवाही

**कटनी यशभारत।** त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शांतिपूर्ण निर्विध्न और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के उद्वेश्य से जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा गुंडेद्ध बदमाश और आदतन अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही का सिलसिला निरंतर जारी है। जिले में अब तक कुल 1707 आदतन अपराधियों पर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 के तहत कार्यवाही की गई है। जबकि 6396 प्रकरण शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले लोगों के विरूद्ध धारा 107 व धारा 116 के तहत कार्यवाही की गई है। जिले के अपराधों पर नियंत्रण और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने अपराधिक प्रवृत्ति एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के आदेश पहले ही जारी कर दिया था। अपर जिला दण्डाधिकारी रोमानुस टोप्पो ने बताया कि धारा 107 व 116 के तहत अब तक कुल 6396 प्रकरणों मे से 4297 प्रकरणों में बंधपत्र निष्पादित किया गया है। वहीं 231 प्रकरणों मे बंधपत्र का उल्लंघन करने पर बंधपत्र जप्ती की कार्यवाही की गई है। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 के तहत कुल 1707 प्रकरण दर्ज किये गए जबकि 502 प्रकरणों मे बंधपत्र निष्पादित किया गया और 341 प्रकरणों मे बंधपत्र उल्लंघन पर बंध पत्र जप्त किया गया। वहीं संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाई कर 621 दीवार लेखन 527 पोस्टर 364 बैनर सहित 25 अन्य मामलों को मिलाकर कुल 1551 प्रकरणों में कार्यवाही की गई।

## इस साल अब तक हुई रिकार्ड 8 हजार से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**कटनी यशभारत।** जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाने की वजह से पिछले साल की तुलना में इस वर्ष अब तक अपराधिक तत्वो के विरूद्ध संख्यात्मक मामले में ज्यादा कार्यवाहियॉ की गई है। जो पिछले साल की तुलना में 27.67 फीसदी अधिक है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2021 में जहॉ 6553 अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई थी। वही इस साल अब तक 8 हजार 366 आदतन अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि जिले में अपराधिक और असामाजिक गतिविधियों में लिप्त बदमाशों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने बताया कि इस साल अब तक धारा 107ए116 के तहत रिकार्ड 6827 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। जबकि धारा 110 के तहत 998ए धारा 145 के तहत 15ए धारा 151 के तहत 490 लोगो के विरूद्ध कार्यवाही की चुकी है। इसके अलावा 36 आदतन अपराधियों, गुंडों और बदमाशों के विरूद्ध भी जिला बदर की कार्यवाही इस साल अब तक की जा चुकी है। जबकि पिछले पूरे साल में मात्र 31 के विरूद्ध ही जिला बदर की कार्यवाही हुई थी।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के अंतर्गत पंजीयन की कार्यवाही करने निर्देश

**कटनी यशभारत।** मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल-2.0) योजना 16 मई से परिवर्तित रूप में प्रारंभ की गई है, इस योजना के तहत् पुनः पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई है। योजना के तहत् ग्रामीण क्षेत्र हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, नगरीय निकाय हेतु आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगरपालिका/नगर परिषद/नगर पंचायत अधिकारी होगें। पंजीयन हेतु आवेदन एमपी ऑनलाईन/कॉमन सर्विस सेन्टर/लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से किये जा कर तत्काल रसीद प्राप्त कर सकते है। आवेदन संबंधित पदाभिहित अधिकारी के लॉगिन पर प्रदर्शित होगें जिनकी जॉच 07 कार्य दिवस के भीतर कराये जाने का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों हेतु जॉच अधिकारी पंचायत इंस्पेक्टर/ए.डी.ई.ओ/पंचायत समन्वयक तथा शहरी क्षेत्र हेतु जॉच अधिकारी, जोनल अधिकारी/वार्ड प्रभारी होगें उपरोक्त जॉच अधिकारियों द्वारा 07 दिवस में पूर्ण किया जा कर ऑनलाईन रिर्पोट पदाभिहित अधिकारी को प्रेषित की जायेगी। जिसके आधार पर पंजीयन संबंधी निर्णय लेते हुए पदाभिहित अधिकारी पंजीयन जारी/निरस्त कर सकेगा।

जारी आदेशानुसार यह कार्यवाही 7 दिवस के भीतर किया जाना आवश्यक है। पंजीयन की स्वीकृति संबंधी निर्णय लोक सेवा गांरटी अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित किये जाने के कारण समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण किया जाना आवश्यक है। वर्तमान में त्रि-स्तरीय ग्रांम पंचायत/नगरीय निकाय चुनावों की आर्दश आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण नवीन हितग्राहियों को योजना में शामिल नही किया जा सकता किन्तु प्राप्त आवेदनों पर जांच कार्यवाही पूर्ण कर निर्णय की स्थिति तक आवेदन को अदयतन किया जा सकता है जिसकी व्यवस्था पोर्टल पर उपलब्ध है। प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग ने समस्त कलेक्टरों से जिले के संबंधित निकायवार प्राप्त आवेदन जो कि संबंधित निकायों की लॉगिन पर प्रदर्शित हो रहे है, के संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही कर जॉच प्रक्रिया पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित करने का लेख किया गया है जिससे आर्दश आचार संहिता उपरांत पंजीयन संबंधी कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

## इन दस्तावेजों से कर सकेंगे मतदान

**कटनी यशभारत।** राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की पहचान स्थापित करने दस्तावेज निर्धारित किये है। पीठासीन अधिकारी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मतदाता से उसकी पहचान स्थापित करने दस्तावेज तय किये गए है। इनमे से कोई एक दिखाकर मतदान किया जा सकेगा। मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्रए भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिकाए पीला राशन कार्ड काम के बदले अनाज योजनान्तर्गत जारी तथा नीला राशन कार्ड गीरीबी रेखा के नीचे हितग्राहियों हेतु जारी राशन कार्ड, बैंक, किसान, डाकघर पासबुक, शस्त्र लायसेंस, संपत्ति दस्तावेज जैसे पट्टाए रजिस्ट्रीकृत विलेख आदि विकलांगता प्रमाण पत्र को पहचान के लिए प्रस्तुत कर सकता है। इसी प्रकार निराश्रित प्रमाण पत्र, तेंदूपत्ता संग्राहक पहचान पत्र, सहकारी समिति का अंश प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेंसए आयकर पहचान पत्र पेन कार्ड, राज्य व केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औधोगिक घरानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जने वाले सेवा पहचान पत्र, छात्र पहचान पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातिए अन्य पिछड़ा वर्ग अधिवासी प्रमाण पत्र, पेंशन दस्तावेज जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुकए पेंशन अदायगी आदेशए भूतपूर्व सैनिक विधवा आश्रित प्रमाण पत्र, रेल्वे पहचान पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र शामिल है। इसके अलावा पहचान के लिए उल्लेखित आम लेखों के अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी ऐसा कोई अन्य अभिलेख भी स्वीकार कर सकेगा जिससे वह मतदाता की पहचान के संबंध मे संतुष्ट हो सके। परिवार के मुखिया के पास उपलब्ध दस्तावेजए परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान और परिवार के दूसरे सदस्यों के नाम से कोई दस्तावेज होने पर अन्य सदस्यों की पहचान के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। लेकिन यदि मतदाता कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने मे असफल रहता है, तो पीठासीन अधिकारी स्थानीय कोटवार, पटवारी, शिक्षक, ग्राम पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका इत्यादि कर्मियों या किसी प्रतिष्ठित स्थानीय निवासी से उसकी पहचान स्थापित कराने के उपरांत उसे मतदान के लिए मतपत्र प्रदान कर सकेगा।

## व्यय का निरीक्षण गठित समिति से कराने अभ्यार्थियों को पत्र जारी

**कटनी यशभारत।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन वर्ष 2022 हेतु मध्यप्रदेश राज्यपत्र (असाधारण) क्रमांक 299, द्वारा नगरीय निकायों के महापौर/पार्षद अभ्यार्थियों हेतु निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) निर्देशन प्रस्तुत किये जाने के दिनांक से निर्वाचन की परिणाम की घोषण तक दिन-प्रतिदिन के व्यय का निरीक्षण कराया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा निर्देशों के परिपालन में महापौर एवं पार्षद पद के अभ्यर्थियों को सूचित करते हुए स्वयं अथवा निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन व्यय के दिन-प्रतिदिन के व्यय लेखों का ब्यौरा निर्धारित प्रोफार्मा, भाग, अनुसूची राज्य निर्वाचन के निर्देशानुसार कार्यालय कलेक्टर (निर्वाचन सदन) में उपस्थित होकर व्यय लेखा हेतु चरणबद्ध तरीके से कार्यक्रम निर्धारित करते हुए गठित समिति से निरीक्षण कराने हेतु पत्र जारी किया गया है।

जारी कार्यक्रम अनुसार प्रथम चरण में वार्ड क्रमांक 01 से 15 हेतु निरीक्षण दिनांक 27 जून, वार्ड क्रमांक 16 से 30 28 जून, वार्ड क्रमांक 31 से 45 तक 29 जून एवं महापौर अभ्यार्थी हेतु प्रथम चरण का निरीक्षण 27 जून को किया जायेगा। द्वितीय चरण में वार्ड क्रमांक 01 से 15 हेतु निरीक्षण दिनांक 04 जुलाई, वार्ड क्रमांक 16 से 30 हेतु 05 जुलाई, वार्ड क्रमांक 31 से 45 हेतु 06 जुलाई एवं महापौर अभ्यार्थी हेतु द्वितीय चरण का निरीक्षण 04 जुलाई को किया जायेगा। तृतीय चरण में वार्ड क्रमांक 01 से 15 हेतु निरीक्षण दिनांक 07 जुलाई, वार्ड क्रमांक 16 से 30 हेतु 09 जुलाई, वार्ड क्रमांक 31 से 45 हेतु 11 जुलाई, एवं महापौर अभ्यार्थी हेतु तृतीय चरण का निरीक्षण 11 जुलाई को किया जायेगा। चतुर्थ चरण में वार्ड क्रमांक 01 से 11 हेतु निरीक्षण दिनांक 25 जुलाई, वार्ड क्रमांक 12 से 22 हेतु 26 जुलाई, वार्ड क्रमांक 23 से 33 हेतु 27 जुलाई एवं वार्ड क्रमांक 34 से 45 हेतु 28 जुलाई तथा महापौर अभ्यार्थी हेतु चतुर्थ चरण का निरीक्षण 28 जुलाई को किया जायेगा।

## बेस्ट यूनिट के अवार्ड से सम्मानित हुआ जनपरिषद कटनी चैप्टर



**कटनी यशभारत।** राज्य संग्रहालय भोपाल में आयोजित जनपरिषद के 33वें वार्षिक समारोह में कटनी यूनिट को बेस्ट चैप्टर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जस्टिस आई एस श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि, उप लोकायुक्त मध्यप्रदेश एस के पालो सर मिस टूरिज्म वर्ल्ड डॉ सौंदर्या गर्ग, मिसेज यूनिवर्स कॉन्फिडेंट, श्रुति पटोले, मिस इंडिया ग्लोब हेमा बैजल, मिस इंडिया शुभस्टार आशिता कोचर, जनपरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एनके त्रिपाठी पूर्व डीजीपी मध्य प्रदेश पुलिस, एवं जनपरिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव के हांथों से जनपरिषद चेप्टर कटनी को सामाजिक साहित्यिक एवम सांस्कृतिक सरोकार की उत्कृष्ट गतिविधियों हेतु बेस्ट चेप्टर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जनपरिषद कटनी चेप्टर के अध्यक्ष डॉ. राजेश प्रखर, उपाध्यक्ष अजय खरे पंकज, एवं श्रीमती गीतांजलि श्रीवास्तव द्वारा ग्रहण किया गया।

## अधिकारी कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण 27 से 29 जून तक

**कटनी यशभारत।** सचिव मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के पत्रानुसार त्रि. स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के द्वितीय चरण में विकासखंड कटनी एवं बड़वारा के मतदान दलों में लगाये गए अधिकारी कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण 27 जून से 29 जून 2022 तक 5 प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रातः 11:00 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनरों एवं रिजर्व मास्टर ट्रेनरों को चिन्हित प्रशिक्षण केन्द्रों जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट कटनी के हॉल कमांक 1 एवं 2 तथा कक्ष क्रमाक 3 एवं 4 में 180 मतदान अधिकारियों को 12 मास्टर ट्रेनर, शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी के हॉल क्रमांक 1, कक्ष क्रमाक 1 एवं 2 में 160 मतदान अधिकारियों को 10 मास्टर ट्रेनर, शासकीय मॉडल स्कूल झिंझरी के हॉल क्रमांक 01 एवं 21 24 में 180 मतदान अधिकारियों को 09 मास्टर ट्रेनर नालंदा महाविद्यालय झिंझरी कटनी के हॉल क्रमांक 1 एवं 2 में 120 मतदान अधिकारियों को 07 मास्टर ट्रेनरए जिला पंचायत सभाकक्ष में 60 मतदान अधिकारियों को 03 मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। मतदान अधिकारियों को आयोजित प्रशिक्षण केन्द्रों में निर्धारित दिनांक व समय पर उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्रदान करनें हेतु निर्देशित किया है। जारी आदेश में प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारियों को प्रशिक्षण संबंधी समस्त व्यवस्था मतपेटी, पीओ मार्गदर्शिका वितरण, पीओ बुकलेट, लीफलेट एवं अन्य सामग्री की व्यवस्थायें कराने एवं प्रशिक्षण समाप्ति उपरांत संपूर्ण प्रशिक्षण सामग्री कार्यालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**700 मतदान अधिकारियों को 41 मास्टर ट्रेनर करेगें प्रशिक्षित**

## दुकानों व प्रतिष्ठानों के कर्मियों को मिलेगी मतदान की सुविधा

**कटनी यशभारत।** कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा पंचायत क्षेत्र मे स्थापित उद्योगए कारखाने, व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानों में कार्य करने वाले मतदाताओं को मतदान की सुविधा उपलब्ध करानें के निर्देश दिए गये है। संबंधित सदस्यों, कारखानों के संचालकों को मतदान दिवस पर साप्ताहिक अवकाश घोषित करने ओर दुकानों, वाणिज्यिक संस्थाओं को मतदान दिवस के दिन अवकाश दिए जाने के निर्देश पहले ही दे दिये गये थे। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शनिवार को मतदान होने वाले निर्वाचन क्षेत्रों मे निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत एक दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। साथ ही शासकीयए अर्द्धशासकीय व शासकीय निगमों के कर्मचारियों के लिये सामान्य अवकाश रहेगा।

## चुनाव प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**कटनी यशभारत।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों, नगर पालिक निगमए नगर पालिका परिषद और नगर परिषद के आम निर्वाचन कार्यक्रम 2022 घोषित किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त निर्वाचन प्रेक्षक शैलेंद्र खरे द्वारा कृषि उपज मंडी सहित नगर के अन्य मतदान केन्द्र सरस्वती उच्च माध्यमिक शालाए पुरवार स्कूल शेर चौक, सीएलपी शाला के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री केपी मिश्रा, जागेश्वर पाठक, सहित अन्य राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी रही।

## ईव्हीएम कमीशनिंग में लगाये गये अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण 28 को

**कटनी यशभारत।** सचिव मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र के परिपालन में नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 में नगर निगम एव नगर परिषदों मे ईव्हीएम कमीशनिंग में लगाये गये समस्त अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण 28 जून को दोपहर 12 बजे से शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय माधवनगर में आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला ने नोडल अधिकारी ईव्हीएम को उक्त प्रशिक्षण में ईण्व्हीण्एम की तैयारी मे लगे हुए समस्त अधिकारी कर्मचारियों को निर्धारित समय एवं दिनांक पर प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

## जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित

**कटनी यशभारत ।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2022 का कार्यक्रम घोषित किया गया है। पंचायत निर्वाचन 2022.23 हेतु जनपद पंचायत ढीमरखेडा के कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाकर, कंट्रोल रूम का टोल फ्री नंबर 8889268312 जारी किया गया है।

रिटर्निंग आफिसर पंचायत जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा द्वारा तीन पालियों में प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए कंट्रोल रूम में प्रातः 6:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक अनिल कोल ससुअधि, अपरान्ह 2:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक एकलव्य मरावी, ब्लाक प्रबंधक एनआरएलएम तथा रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक दीपक रहंगडाले बीसी पीएमए वाई की डयूटी लगाकर प्रत्येक पाली में 3.3 सहयोगी कर्मचारी नियुक्त करते हुए अधिकारी कर्मचारी को मतदान केन्द्रों से प्रत्येक दो घंटे की जानकारी प्राप्त करनें हेतु निर्देशित किया है।

## जोनल अधिकारियों के साथ रिजर्व चिकित्सा दलों को सौंपे गए दायित्व

**कटनी यशभारत।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों की ड्यूटी संबंधी पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए 8 जुलाई को द्वितीय चरण में होने वाले पंचायत चुनाव हेतु जोनल अधिकारियों के साथ रिजर्व चिकित्सा दल के ड्यूटी आदेश जारी किये गए है। जारी आदेशानुसार विकासखण्ड जनपद पंचायत बहोरीबंद मे दिनांक 08 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान के 6 चिकित्सा कर्मी तथा जनपद पंचायत रीठी में प्राथमिक स्वाण्केन्द्र रीठी के 6 चिकित्सा कर्मियों को दायित्व का निर्वहन करते हुए चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों को अपनी उपस्थिति 08 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे संबंधित विकास खण्ड अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## उड़नदस्ता दलों के साथ लगाई गई वीडियोग्राफरों की ड्यूटी

**कटनी यशभारत।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार जिले के नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022 की घोषणा की गई है, जिसके तहत नगर पालिक निगम महापौर, नगर पालिका परिषद एवं नगर परिषदों के पार्षद पद के निर्वाचन हेतु उडनदस्ता दलों का गठन किया जा कर प्रत्येक उड़नदस्ता के साथ 01 वीडियोग्राफर की ड्यूटी लगाई गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्था.निर्वाचन) स्थानीय निर्वाचन कटनी द्वारा उडनदस्ता दल गठित करते हुए नगर निगम कटनी के वार्ड क्रमांक 01 से 22 तक नायब तहसीलदार श्रीमती हेमांग प्रिया श्रीवास्तव कार्यपालिक दण्डाधिकारी के साथ वीडियोग्राफर सूरज हल्दकार, इसी तरह वार्ड क्रमांक 23 से 45 तक नायब तहसीलदार राजीव मिश्रा कार्यपालिक दण्डाधिकारी के साथ वीडियोग्राफर अभिषेक हल्दकार की ड्यूटी लगाई गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार नगर परिषद विजयराघवगढ के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक नायब तहसीलदार राघवेन्द्र पटैल कार्यपालिक दण्डाधिकारी के साथ अमित यादव, नगर परिषद कैमोर के वार्ड क्रमांक 01 से 15 परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास संतोष अग्रवाल के साथ अजीत कुमार यादव नगर परिषद बरही के वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक नायब तहसीलदार चन्द्रपाल इनवाती कार्यपालिक दण्डाधिकारी के साथ विपिन यादव वीडियोग्राफर की ड्यूटी लगाई जाकर उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है।

## आईसीआईसीआई लोम्बार्ड कंपनी की हुई बैठक

**कटनी यशभारत।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार नोटिया की अध्यक्षता में 23 जून को एडीआर सेंटर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में आगामी नेशनल लोक अदालत 13 अगस्त को सफल बनाये जाने तथा पक्षकारों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आईसीआईसीआई लोम्बार्ड कंपनी के अधिकारियों तथा संबंधित बीमा कंपनी के आवेदक एवं अनावेदक अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में आईसीआईसीआई लोम्बार्ड कंपनी के लगभग 41 प्रकरणों में निराकरण की सहमति बनी। उक्त बैठक में सचिव श्री नोटिया द्वारा नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु परिचर्चा करते हुए अधिक से अधिक मामलों के निराकरण की अपील की गई।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033

Email :- katni@yashbharat.com

## विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा में कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच मतदान, 5 जिला पंचायत सदस्यों, 43 जनपद पंचायत सदस्यों, 144 सरपंचों और 608 पंचों का चुनाव

# गांव की सरकार चुनने वोटरों में दिखा उत्साह

## सुबह से ही केन्द्रों में पहुंचने लगे थे मतदाता, महिलाएं भी पीछे नहीं, कई केन्द्रों में लगी रहीं कतारें

कटनी, यशभारत। गांव की सरकार चुनने वोटरों में खासा उत्साह दिखा। पंचायत चुनाव के पहले चरण के लिए आज ढीमरखेड़ा एवं विजयराघवगढ़ जनपद के 498 केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हुई। मतदान शुरू होते ही केन्द्रों में बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पहुंचने लगे थे। इसमे महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। विजयराघवगढ़ के ग्राम डीघी में बनाए गए मतदान केन्द्र में महिलाओं की लंबी कतार देखी गई। कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच दोनों ही जनपादों में वोटिंग की प्रक्रिया शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी पूरे समय मतदान केन्द्रों में जायजा लेते रहे। ढीमरखेड़ा की अंतर्वेद पंचायत में सरपंच पद के प्रत्याशी का नाम मतपत्र में 2 की बजाए 3 नंबर होने की वजह से विवाद की स्थिति बनी लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की सूझबूझ से मामला शांत हो गया। कुल मिलाकर दोनों ही जनपद पंचायतों में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। दोनों विकासखण्डों में करीब दो हजार 300 मतदान कर्मी के अलावा पुलिस एवं सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। इसमे पीठासीन अधिकारी भी शामिल हैं। मतदान के एक दिन पहले कल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी सुनील जैन ने विजयराघवगढ़ एवं अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने ढीमरखेड़ा के मतदान केन्द्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था और निष्पक्ष तरीके से मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिए थे।







### ढीमरखेड़ा की अंतर्वेद पंचायत में मतपत्र को लेकर विवाद, आधे घंटे बाद शुरू हुई वोटिंग

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत अंतर्वेद में आज सुबह 7 बजे जैसे ही वोटिंग शुरू हुई, वैसे ही मतपत्र में एक सरपंच प्रत्याशी का नाम दूसरे की बजाए तीसरे नंबर पर होने को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, जिससे मतदान की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई और आधे घंटे तक मतदान प्रभावित रहा। बताया जाता है कि सरपंच पद के एक प्रत्याशी को मतपत्र में दूसरे नंबर पर चुनाव चिन्ह दिया गया था। उसने ग्राम पंचायत में यही प्रचार किया कि दूसरे नंबर पर दिए गए चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाना है, लेकिन आज सुबह जब वोटिंग शुरू हुई, तब मतपत्र में सरपंच पद के इस प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह दूसरे की बजाए तीसरे नंबर पर अंकित था। इसी को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। सरपंच प्रत्याशी का कहना था कि उसने पूरे गांव में दूसरे नंबर पर मुहर लगाने का प्रचार किया है। ऐसे में उसको वोट करने वाले मतदाता भ्रमित हो जाएंगे। विवाद की खबर मिलने पर रिटर्निंग ऑफीसर नदीमा शीरी एवं पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और सरपंच प्रत्याशी से बात की। सरपंच प्रत्याशी ने जो दस्तावेज दिखाए, उसमे उसका चुनाव चिन्ह दूसरे नंबर पर था, लेकिन उस दस्तावेज पर रिटर्निंग ऑफीसर के हस्ताक्षर नहीं थे, इसलिए उसे वैध दस्तावेज नहीं माना गया, जबकि प्रशासन के पास जो दस्तावेज था, उसमे सरपंच उम्मीदवार का चुनाव चिन्ह तीसरे नंबर था, इसी आधार पर मतपत्र में उसे भी चुनाव चिन्ह तीसरे नंबर पर दिया गया। समझाईश के बाद सरपंच प्रत्याशी मान गया। रिटर्निंग ऑफीसर नदीमा शीरी ने यशभारत को बताया कि सरपंच प्रत्याशी ने मतदाताओं को इसकी जानकारी देने की अनुमति मांगी, जिस पर उसे मतदान केन्द्र से 100 मीटर दूर मतदाताओं को यह जानकारी देने की अनुमति दे दी गई। रिटर्निंग ऑफीसर ने बताया कि पूरे ढीमरखेड़ा एवं विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र में शांतपूर्वक तरीके से मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई है।

### मतदान के तत्काल बाद शुरु होगी मतगणना

जानकारी के मुताबिक आज मतदान के तत्काल बाद मतगणना शुरु होगी। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य पद की मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा गुरुवार 14 जुलाई को होगी। इसी तरह जिला पंचायत सदस्य पद के लिये मतों का विकासखण्ड स्तरीय सारणीकरण भी गुरुवार 14 जुलाई को होगा, जबकि जिला पंचायत सदस्य पद के लिये मतों का जिला मुख्यालय पर सारणीकरण तथा परिणाम की घोषणा शुक्रवार 15 जुलाई को की जायेगी।



### मतदान के तत्काल बाद शुरु होगी मतगणना

पंचायत चुनाव के दौरान वोटरों में खासा उत्साह देखने को मिला, खासकर महिलाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में मतदान किया। महिलाएं अपने घरों से टोलियां बनाकर निकलीं और पंचायत चुनाव के महायज्ञ में हिस्सा लिया। जानकारी के मुताबिक ढीमरखेड़ा में उमरियापान के मतदान केन्द्र क्रमांक 137 में 84 वर्षीय मतदाता राम कुमार ने बिना कतार में लगे उत्साह के साथ मतदान किया।

### प्रथम चरण : इतने पदों पर हो रहा चुनाव

**जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा**

| पद | कुल पद | निर्विरोध | चुनाव |
|---|---|---|---|
| जिला पंचायत सदस्य | 03 | -- | 03 |
| जनपद पंचायत सदस्य 23 | 01 | 22 | |
| सरपंच | 73 | 01 | 72 |
| पंच | 930 | 609 | 321 |

**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़**

| पद | कुल पद | निर्विरोध | चुनाव |
|---|---|---|---|
| जिला पंचायत सदस्य | 02 | -- | 02 |
| जनपद पंचायत सदस्य 22 | 01 | 21 | |
| सरपंच | 74 | 02 | 72 |
| पंच | 863 | 576 | 287 |
| **महायोग** | **1990** | **1190** | **800** |

### ढीमरखेडा में 1 लाख 35 हजार 555 एवं विजयराघवगढ़ में 1 लाख 37 हजार 755 मतदाता

ढीमरखेडा विकासखण्ड में 245 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां आज वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। यहां 1 लाख 35 हजार 555 मतदाता हैं, जिसमे इसमें 69 हजार 314 पुरूष, 66 हजार 240 महिला और एक अन्य मतदाता शामिल है। इसी तरह विकासखण्ड विजयराघवगढ में 253 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं और यहां 1 लाख 37 हजार 755 मतदाता है। इनमे 71 हजार 27 पुरूष, 66 हजार 726 महिला और दो अन्य मतदाता शामिल है।

### विजयराघवगढ़ में 418 और ढीमरखेड़ा में 382 पदों के लिए चुनाव

जिले की दोनों जनपद पंचायतों विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा में कुल 800 पदों के लिए आज मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई है। जानकारी के मुताबिक विजयराघवगढ़ में 418 और ढीमरखेड़ा में 382 पदों के लिए चुनाव कराया गया है। इसमे जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में जिला पंचायत सदस्य के 02, जनपद पंचायत सदस्य के 21, ग्राम पंचायत सरपंच के 72 एवं पंच के 287 पद शामिल हैं। इसी तरह जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में जिला पंचायत सदस्य के 3, जनपद पंचायत सदस्य के 22, ग्राम पंचायत के 72 एवं पंच के 321 पद शामिल है।

### 2 जनपद सदस्य, 3 सरपंच एवं 1185 सरपंच निर्विरोध निर्वाचित

जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ एवं ढीमरखेड़ा में कुल 1990 पदों के चुनाव कराया जाना था लेकिन इसमे से 1190 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बिनने के बाद अब आज 25 जून को 800 पदों के लिए मतदान कराया गया है। जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 जनपद सदस्य, 2 सरपंच एवं 576 पंच एवं ढीमरखेड़ा में 1 जनपद सदस्य, 1 सरपंच एवं 609 पंच का निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है।

### विधायक संजय पाठक की बुआ श्रीमती उमा मिश्रा का देहावसान



**कटनी (यशभारत)।** पूर्व केबिनेट मंत्री पंडित सत्येंद्र पाठक की बड़ी बहन एवं विधायक संजय पाठक की मां स्वरूप बुआ जी श्रीमती उमा मिश्रा का शुक्रवार की रात जबलपुर में उपचार के दौरान आकस्मिक देहावसान हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पाठक परिवार सहित भट्ठा मोहल्ला एवं पाठक वार्ड क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। श्रीमती उमा मिश्रा काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं। लम्बी बीमारी से लड़ते हुए शुक्रवार की रात जबलपुर में उन्होंने अंतिम सांस ली। श्रीमती उमा मिश्रा बुआ जी पाठक परिवार की आधार स्तंभ की तरह थीं। हर परिस्थिति में वह पाठक परिवार के साथ खड़ी रहीं। स्नेह की प्रतिमूर्ति बुआ जी के आकस्मिक देहावसान से पाठक परिवार में शोक व्याप्त है। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर ढाई बजे निज निवास पाठक वार्ड से निकाली गई। अंतिम संस्कार नदीपार मुक्तिधाम में अत्यंत ही शोकपूर्ण एवं गमगीन माहौल में किया गया। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए परिवार पर आए इस असीम दुख को सहन करने शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की।


**PRE. REGISTRATION**
**सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



**चुनाव प्रचार सामग्री**
फ्लैक्स बैनर | विजिटिंग कार्ड
पोस्टर, स्टीकर | टी-कैप, टोपी
पम्फलेट | झण्डा, पटका
बैलेट पेपर नमूना | लड़ी झालर
बाईक झण्डा, स्टीकर | बिल्ला, वोटर पर्ची
नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, जिला पंचायत एवं सभी राजनीतिक दलों और आजाद उम्मीदवारो की चुनाव प्रचार सामग्री तैयार की जाती है।

**कृष्णा ट्रेडर्स**
सुभाष चौक (अंग्रेजी शराब दुकान के बाजू में) कटनी (म.प्र.)
Mob. 9981670040, 9009670040



KINETIC GREEN
**कटनी का एकमात्र विश्वसनीय इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम**
पेट्रोल की लाईन से छुटकारा पैसे और समय की बचत सालाना इंश्योरेंस से मुक्ति तिमाही इंजन ऑयल एवं अन्य खर्चों से बचत पी.यू.सी. की जरूरत नहीं ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में बचाव कीमत भी बजट भी
सोचो स्मार्ट, खरीदो सफर स्मार्ट

लिथियम- इऑन बैट्री 03 घंटे में पूर्णतः चार्ज चढ़ाई के लिए जादुई गियर सवारी एवं ड्राइवर हेतु आरामदायक बैठक
90 कि.मी. प्रतिचार्ज 03 साल की वारंटी के साथ 03 घंटे में पूर्णतः चार्ज 500 किलो लोडिंग कैपेसिटी
अधिकृत विक्रेता
**कार्तिक मोटर्स**
सफर करने की अपनी स्वतंत्रता
संस्कार भारती स्कूल के पास के जालपा मंदिर रोड, कटनी फोन 07622-356550, मो. 9993299677, 9893435177



**PRE. REGISTRATION सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग**
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318


## कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी जिला कटनी

क्रमांक/1978/स्वा.वि./2022 | **अधिसूचना** | कटनी दिनांक 23.06.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 12.08.2021 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक जीसीआर 571 (ई) में किए गए प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में 01 जुलाई 2022 से पोलीस्टाइरिन और विस्तारित पोलीस्टाइरिन (थर्माकोल) वस्तुओं सहित निम्नलिखित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय, और उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया गया है, जो इस प्रकार है-:

प्लास्टिक स्टिक सहित ईयर बड्स, गुब्बारों के लिए उपयोग होने वाले प्लास्टिक इंडिया, प्लास्टिक के झंडे कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम की डंडियाँ, पोलीस्टाइरिन (थर्माकोल) की सजावट सामग्री प्लास्टिक प्लेटें, कप, गिलास, कांटे चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बे के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक पीवीसी बैनर एवं प्लास्टिक स्ट्रीकर।

अतः उपरोक्त निम्नलिखित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय प्रतिबंधित किया जाता है। किसी व्यक्ति/दुकानदार/संस्था द्वारा निम्नलिखित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय किया जाता है, तो सम्बंधित के खिलाफ नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी व्यक्ति/दुकानदार/संस्था की होगी।

**आयुक्त**
**नगरपालिक निगम, कटनी**


JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ**
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)